आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 27.08.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- नेपाल में भीषण बाढ़ से करीब 160 लोगों की मौत, 133 भारतीयों सहित 750 से अधिक लोग लापता। उत्तराखंड सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में फंसे राज्य के नागरिकों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए।
- उत्तराखंड राज्य पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष कर्नल अजय कोठियाल ने प्रदेश में 'अग्निवीर रोजगार सेल' के गठन को सराहनीय पहल बताया।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले में थलीसैंण विकासखंड की विभिन्न सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- हरिद्वार में पवित्र छड़ी यात्रा सात अक्टूबर से शुरू होगी। राज्य की प्राचीन तीर्थ परंपरा और धार्मिक विरासत को देश–दुनिया में पहचान दिलाना है उद्देश्य।

नेपाल/तबाही

नेपाल में कल आई भीषण बाढ़ में करीब 160 लोगों की मौत हो गई और 133 भारतीय नागरिकों सहित 750 से अधिक लोग लापता हैं। प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों से लगभग 100 लोगों को बचाया गया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भीषण बाढ़ से हुई जनहानि और संपत्ति के नुकसान पर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में उत्तराखंड सरकार, नेपाल के प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। वहीं, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नेपाल के प्रभावित क्षेत्रों में फंसे उत्तराखंड के नागरिकों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।
ये नंबर हैं 0135–2710334, 2710335, 2664314, 2664315, 2664316 और 8218867005, इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1070 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

अग्निवीर रोजगार सेल

उत्तराखंड राज्य पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष कर्नल अजय कोठियाल ने प्रदेश में सेवामुक्त अग्निवीरों के लिए 'अग्निवीर रोजगार सेल' के गठन को सराहनीय और अनुकरणीय पहल बताया है। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह सेल मुख्यमंत्री कार्यालय के अधीन कार्य करेगा और अग्निवीरों को उनकी योग्यता, सैन्य अनुभव और कौशल के अनुरूप रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ेगा।

<u>पक्षियों की पहचान</u>

नैनीताल जिले के नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य में पहली बार अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पक्षियों की पहचान की जा रही है। अभ्यारण्य में पेड़ों पर वन्यजीव ध्वनि रिकॉर्डर लगाए गए हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता– एआई की मदद से रिकॉर्ड की गई पक्षियों की आवाजों का विश्लेषण किया जा रहा है। शुरुआती परिणामों में 163 पक्षी प्रजातियों की आवाजों की पहचान की गई है। हल्द्वानी के प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि इस तकनीक से पक्षियों के संरक्षण और उनके आवास स्थलों के प्रबंधन में मदद मिलेगी।

प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि इससे बर्ड टूरिज्म को बढ़ावा देने और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में भी सहायता मिलेगी।

<u>कैबिनेट मंत्री समीक्षा</u>

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले में विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के विकासखंड थलीसैंण में निर्माणाधीन, क्षतिग्रस्त और वन भूमि से आच्छादित सड़कों को लेकर बूंगीधार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न सड़कों की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्माण और मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कैबिनेट मंत्री ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और निर्माणाधीन सड़कों के कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन भूमि से जुड़े जिन मामलों में कार्रवाई लंबित है, उनमें आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण की कार्रवाई तेज की जाए, ताकि वन भूमि से संबंधित औपचारिकताओं के कारण सड़क निर्माण कार्य प्रभावित न हों। कैबिनेट मंत्री ने विशेष रूप से बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए सड़क मार्गों और ढह चुके पुश्तों की मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त पुश्तों का समय पर पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

<u>विद्यालय उच्चीकृत</u>

टिहरी जिले के चार राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को इंटरमीडिएट स्तर पर उच्चीकृत किया गया है। विद्यालयों के उच्चीकरण से संबंधित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अब इंटर की पढ़ाई के लिए दूर–दराज के विद्यालयों में जाने से राहत मिलेगी। स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि लंबे समय से इन विद्यालयों को इंटर स्तर तक उच्चीकृत करने की मांग कर रहे थे। विद्यालयी शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार घनसाली विधानसभा के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़ भिलंगना, धनोल्टी विधानसभा के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौशल थौलधार, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थान जौनपुर और नरेंद्रनगर विधानसभा के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पजै गांव को इंटर स्तर पर उच्चीकृत किया गया है।

शासन ने उच्चीकृत विद्यालयों में शैक्षणिक वं प्रशासनिक व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्य और प्रवक्ताओं के पद भी सृजित किए हैं। प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाचार्य का एक पद और प्रवक्ताओं के 10–10 पद स्वीकृत किए गए हैं। घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह और धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने अपनी–अपनी विधानसभा क्षेत्रों के विद्यालयों के उच्चीकरण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के उच्चीकरण से आसपास के कई गांवों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

छड़ी यात्रा

श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की ऐतिहासिक पवित्र छड़ी यात्रा इस वर्ष सात अक्टूबर से शुरू होगी। हरिद्वार के माया देवी मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद शुरू होने वाली करीब 24 दिवसीय यात्रा 30 अक्टूबर तक उत्तराखंड के विभिन्न पौराणिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगी। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने बताया कि पवित्र छड़ी यात्रा केवल चार धामों की यात्रा तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में सैकड़ों ऐसे पौराणिक तीर्थ स्थल हैं, जिनका उल्लेख धार्मिक ग्रंथों और पुराणों में मिलता है, लेकिन आधुनिक समय में इन स्थलों की जानकारी सीमित लोगों तक ही रह गई है। पवित्र छड़ी यात्रा के माध्यम से इन स्थलों को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा में गढ़वाल और कुमाऊं के प्रमुख तीर्थों के अलावा ओम पर्वत और आदि कैलाश भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य उत्तराखंड की प्राचीन तीर्थ परंपरा और धार्मिक विरासत को देश–दुनिया में पहचान दिलाना तथा धार्मिक पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देना है।